उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–8 का उत्तर।

| प्रश्न | | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 8 | (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि उन्नाव से होते हुए बॉगरमऊ एवं हरदोई रोड पर ओवर लोड ट्रक चलते हैं ? | उन्नाव से होते हुए बॉगरमऊ एवं हरदोई मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के संचालन का प्रकरण शासन के संज्ञान में है। |
| | (ख) | यदि हाँ, तो क्या वे ट्रक कानपुर–लखनऊ मुख्य मार्ग पर टोल–टैक्स के कारण इस मार्ग का प्रयोग करते हैं ? | शासन के पास इस प्रकार की विशिष्ट सूचना प्राप्त नहीं है। |
| | (ग) | क्या जनहित में इस समस्या का हल निकालने की व्यवस्था करायेंगे ? | जी हाँ। |
| | (घ) | यदि हाँ, तो कब तक ? | मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 17.05.2022 को वीडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से दिये गये दिशा–निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग, खनन विभाग, पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्यवाही की जाती है। कानपुर–लखनऊ मार्ग के मध्य नवाबगंज टोल प्लाजा पर वे–इन मोशन वेब्रिज की स्थापना की गयी है, जिसकी सूचना पर ओवरलोड वाहनों के नियमित चालान किये जाते हैं। |
| | (ङ.) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।